कार्यालय वन मण्डल अधिकारी वन मण्डल सिंगरौली(म0प्र0)

माजन मोड़ जिला पंचायत के बगल में

ईमेल–dfot.sgl@mp.gov.in, फोन–07805-233336 फैक्स–233335

सूचना का अधिकार

क्र0/मा0चि0/ 1066

सिंगरौली, दिनांक 11/5/2020

प्रति,

श्री एल.एस. सिंह
उप वन मण्डल अधिकारी बैढ़न

विषयः– वन भूमि 622.783 हेक्टेयर के प्रत्यावर्तन हेतु हार्ड कॉपी प्रस्तुत किए जाने के संबंध में।

संदर्भः– महाप्रबंधक ब्लाक–बी क्षेत्र नार्दन कोल फील्ड्स लिमिटेड का पत्र क्रमांक NCL/BB/SO(M)/2020/106 दिनांक 23.03.2020 एवं एन.सी.एल./ब्लाक–बी/स्टाफ अधिकारी (खनन)/वन/2020/117 दिनांक 13.04.2020।

–000–

विषयांकित संदर्भित पत्र से प्राप्त प्रस्ताव का भाग–1 की छायाप्रति संलग्न कर भेजा जा रहा है जिसके संबंध में लेख है नार्दन कोल फील्ड्स लिमिटेड ब्लाक–बी क्षेत्र में माइनिंग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत ऑनलाइन प्रस्ताावित है। जिसमें वन परिक्षेत्र बैढ़न अन्तर्गत कक्ष क्रमांक आर.एफ. 276, 281 पी.एफ. 277, 278, 279 कुल रकवा 622.783 हे0 वन भूमि प्रभावित हो रही है।

उपरोक्त वन भूमि का स्थल निरीक्षण कर वृक्षों की गणना सहित प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप–1 एवं 2 में तैयार कर 05 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें। तथा प्रस्तावित वन भूमि रकवा 622.783 हे0 के बदले दुगने बिगड़े वन रकवा 1300 हे0 का स्थल चयन कर 11 वर्षीय वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार कर इस कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

संलग्न :–
1. प्रस्ताव के ऑनलाइन भाग–1 की छायाप्रति।
2. निर्धारित प्रारूप–1 एवं 2।

(विजय सिंह)
वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

पृ0क्र0/मा0चि0/ 1067

सिंगरौली दिनांक 11/5/2020

प्रतिलिपिः–

1. महाप्रबंधक ब्लाक–बी क्षेत्र नार्दन कोल फील्ड्स लिमिटेड की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया संबंधित उप वन मण्डल अधिकारी से संपर्क स्थापित कर सहयोग प्रदान करें एवं स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन इस कार्यालय में यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा प्रकरण का पंजीयन/प्रोसेसिंग शुल्क म0प्र0 शासन वन विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञापन क्रमांक/एफ–5–14/2005/10–3/भोपाल, दिनांक 30 जुलाई 2012 के निर्देशानुसार प्रकरण में पंजीयन एवं प्रोसेसिंग शुल्क निम्नानुसार जरिये बैंक ड्राफ्ट द्वारा वन मण्डल अधिकारी सिंगरौली देय बैढ़न के नाम से जमा करें।

(i)	पंजीयन शुल्क	–	5,000/–
(ii)	प्रोसेसिंग शुल्क	–	1,50,000/–
	कुल योग	–	**1,55,000/–**

2. उप वन मण्डल अधिकारी देवसर एवं गोरबी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया प्रस्तावित वन भूमि रकवा 622.783 हे0 के बदले दुगने बिगड़े वन रकवा 1300 हे0 का स्थल चयन कर 11 वर्षीय वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार कर इस कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली

nigahi project